**SATYA TIMES 04-11-19**

# रेडक्रास सोसायटी ने ड्रग्स के खिलाफ चलाया जागरूकता अभियान, लोगों को किया जागरूक

बल्लभगढ़, 04 नवंबर, सत्यजय टाईम्स/गोपाल अरोड़ा। हरियाणा दिवस के मौके पर अग्रवाल कालेज बल्लभगढ़ में जिला रेडक्रास सोसायटी ने ड्रग्स के खिलाफ जागरूकता कार्यक्रम के तहत नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया। इस मौके पर रक्तदान शिविर का भी आयोजन किया गया जिसमें 106 यूनिट रक्त एकत्र किया गया। इस मौके पर मुख्यातिथि के रूप में रेडक्रास सोसायटी की कार्यकारी सदस्या सुषमा गुप्ता उपस्थित रहीं।



बल्लभगढ़ स्थित अग्रवाल कालेज में आयोजित रक्तदान शिविर में रक्तदान करते युवाओं का हौसला बढ़ाती रेडक्रास सोसायटी की कार्यकारी सदस्या सुषमा गुप्ता। छाया: सत्यजय टाईम्स/पुष्प अग्रवाल।

इस अवसर पर कालेज के प्राचार्य डा. कृष्णकांत गुप्ता, जिला रेडक्रास सोसायटी के सचिव विकास कुमार, डा. जयपाल, डा. एमपी सिंह, जगत सिंह तथा पुरुषोत्तम सैनी मुख्य रूप से उपस्थित रहे। नशे के खिलाफ खेले गए नुक्कड़ नाटक के जरिए नशे के खिलाफ विद्यार्थियों को जागरूक किया गया। नाटक के जरिये बताया गया नशा इंसान की जिंदगी को बर्बाद कर देता है। इसलिए इससे बचने की सख्त जरूरत है। बुरे काम व्यक्ति को समाज से तोड़ देते हैं। इसलिए नशा त्याग अच्छे कार्यों में पूरी शिद्दत के साथ हिस्सा लेना चाहिए। शिविर की मुख्य अतिथि सुषमा गुप्ता ने रक्तदाताओं का हौसला बढ़ाते हुए कहा कि प्रत्येक मनुष्य को रक्तदान अवश्य करना चाहिए। उन्होंने कहा रक्तदान से बड़ा दान कोई नहीं है। जिला रेडक्रास सोसायटी के सचिव विकास कुमार ने कहा कि रक्तदान को महादान सिर्फ इसलिए ही कहा गया है क्योंकि रक्तदान यानी ब्लड डोनेशन करने से न सिर्फ आप खून देकर दूसरों की जान बचाते हैं बल्कि इससे आपकी सेहत को भी कई तरह से फायदा होता है।

इससे न सिर्फ आपका स्ट्रेस कम होता है, आप इमोशनली बेहतर महसूस करते हैं और नेगेटिव फीलिंग्स दूर होती है बल्कि रक्तदान करने से दिल से जुड़ी बीमारियों और हार्ट अटैक का खतरा भी कम हो जाता है। वहीं डा. एम.पी. सिंह व कालेज प्राचार्य डा. के.के. गुप्ता ने संयुक्त रूप से कहा कि 18-55 साल का कोई भी स्वस्थ व्यक्ति रक्तदान कर सकता है। त्तदान करने से आदमी कमजोर हो सकता है, लेकिन डॉक्टर बताते हैं कि रक्तदान करने से किसी प्रकार का नुकसान नहीं होता, बल्कि इससे हार्ट अटैक और हार्ट फेलियर का खतरा बेहद कम हो जाता है।